


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 59 ● कटनी ● शनिवार, 2 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## भगवा झंडे उतारने पर विरोध

## जबलपुर फुहारा में बीच सड़क पर हिंदू संगठनों ने भजन गाया

**जबलपुर, यशभारत।** हिंदू नववषज़् और चैत्र प्रतिपदा पर सड़कों पर लगे भगवा झंडे हटाने के विरोध में हिंदू संगठनों ने विरोध किया। फुहारे पर नगर निगम के विरोध में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भाजपा और अन्य हिंदूवादी संगठनों के कायज़्कताज़् विरोध करते हुए सड़क पर बैठ गए। वे सभी नगर निगम के जिम्मेदार अफसरों को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे। अपनी मांग पूरी होने तक हिंदू संगठनों ने सड़क पर बैठकर भजन किया। इस दौरान नगर निगम और प्रशासन के अफसर भी समझाने पहुंचे लेकिन मौके पर कलेक्टर को आकर बात करने की जिद प्रदशज़्नकारियों ने की।

ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से लगातार हिंदूवादी संगठन नगर निगम के अतिक्रमण दल का विरोध कर रहा है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि हिंदू त्योहार पर लगे बधाई होडिज़्ग और पोस्टर को नगर निगम का अमला निकालकर उसे कूड़ेदान में फेंक रहा है इससे हिंदुओं की भावना आहत हो रही है। पूवज़् में भी भगवा ध्वज को नहीं हटाने की



चेतावनी निगम प्रशासन को दी गई थी लेकिन शनिवार को फिर नगर निगम के अमले ने बड़े फुहारा पर लगे पोस्टर, होडिंज़्ग को हटा दिया। यह जानकारी जैसे ही हिंदूवादी संगठनों को लगी सारे मौके पर जमा हो गए। इसमें भाजपा, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के पदाधिकारी शामिल थे। सभी ने नगर निगम की कारज़्वाई का विरोध किया। इस दौरान सड़क पर जाम लग गया।

### स्वास्थ्य अधिकारी पहुंचे

नवरात्र होने के कारण बाजार में भीड़ थी। कुछ देर में पुलिस भी पहुंच गई। कायज़्कताओज़् को समझाने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह भी पहुंचे लेकिन उनके साथ किसी तरह की वाताज़् किए बगैर प्रदशज़्नकारियों ने उन्हें वापस लौटा दिया। इसके पश्चात एडीएम राजेश बाथम और एसडीएम नमःशिवाय अरजरिया भी गए लेकिन प्रदशज़्नकारी बगैर कलेक्टर के आए धरना स्थल से हटने तैयार ही नहीं थे। प्रदशज़्नकारियों ने अस्थायी तिरपाल लगाकर सड़क के बीच ही भजन करना शुरू कर दिया। उन्होंने नगर निगम के जिम्मेदारों को हटाने की मांग की।



## श्रीलंका में राष्ट्रपति ने किया इमरजेंसी का ऐलान

### सरकार के विरोध में कई जगह हिंसक प्रदर्शन

श्रीलंका में अर्थव्यवस्था के बुरे हाल के चलते महंगाई आसमान छू रही है और पेट्रोल डीजल की कमी के चलते कारोबार ठप हो गए हैं। जनता सरकार के विरोध में आ गई है और कई जगह पर सरकार के विरोध में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात बेकाबू होते देख राष्ट्रपति गोतबया राजपक्षे ने देर रात आपातकाल की घोषणा कर दी, वहीं दूसरे ओर प्रदर्शनकारी जनता राष्ट्रपति से लगातार इस्तीफा देने के मांग कर रही है।

### राष्ट्रपति भवन के बाहर जमा हजारों प्रदर्शनकारी

श्रीलंका में राष्ट्रपति भवन के बाहर हजारों प्रदर्शनकारी जमा हो गए हैं और राष्ट्रपति से पद छोड़ने की अपील कर रहे हैं। आम लोग देश की वर्तमान स्थिति के लिए सरकार की नीतियां आर्थिक स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। कोलंबो में हिंसा जारी है। यहां लोगों ने की वाहनों में आग लगा दी है। सुरक्षा बल और आम लोग आमने-सामने आ गए हैं। श्रीलंका में अब तक हुई हिंसा में 10 लोग घायल भी हुए हैं और 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### देश में ईंधन और गैस की भारी कमी

राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने 1 अप्रैल से आपातकाल लगाने की घोषणा करते हुए एक गजट जारी किया। दरअसल श्रीलंका सरकार के पास तेल आयात करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी है और इस कारण देश में ईंधन की भारी कमी हो रही है। पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों के घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है।

### पेट्रोल डीजल नहीं मिलने से हर चीज महंगी

महंगाई के आलम यह है कि शिक्षा विभाग के पास कागज और स्याही खत्म हो गई है। परीक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई हैं। श्रीलंका की करीब 2.2 करोड़ जनता बिजली कटौती का सामना कर रही है। देश में अधिकांश स्थानों पर 13-14 घंटे बिजली काटी जा रही है। दूध पेट्रोल से भी महंगा हो गया है।


।। श्री ।।
।। श्रीराम समर्थ ।।
।। जय जय रघुविरसमर्थ ।।

गुड़ी पड़वा की हार्दिक शुभेच्छा





## अवैध होडिंग लगाने वालों पर कलेक्टर ने ठोंका 5 हजार का जुर्माना

**जबलपुर, यशभारत।** आज शनिवार को सुबह-सुबह कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी होमासाइंस रोड पहुंचे जहां पर अवैध होडिंज़्ग लगे रहने पर होडिंज़्ग संचालकों पर 5-5 हजार का जुमानज़् लगाया। इस दौरान अधिकारियों को सख्त निदेज़्श दिए कि शासकीय दीवारों में लगने वाली होडिंग अगर बगैर अनुमति की है तो सभी जुमानज़् लगाया जाए। इस दौरान स्माटज़् सिटी के तहत बनाई जा रही सड़क को लेकर भी कलेक्टर नाराज हुए। सड़क में गुणवत्ता पूणज़् कायज़् नहीं होने से ठेकेदार को चेतावनी देते हुए उच्चस्तरीय काम करने के निदेज़्श जारी किए।



### सड़क निर्माण में गुणवत्ता नहीं

सुबह-सुबह होमसाइंस कॉलेज स्थित बन रही सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर उस वक्त नाराज हो गए जब सड़क कार्य गुणवत्ताहीन नजर आया। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे काम करोगे तो यह सड़क कुछ साल बाद उखड़ जाएगी, गुणवत्तायुक्त काम होने से सड़क सालों साल चलेगी। कलेक्टर ने ठेकेदार पर नाराजगी दिखाते हुए कहा कि सड़क काम ठीक ढंग से नहीं होता है तो ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।



### जबलपुर पहुंची अभिनेत्री जयप्रदा ने मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में टेका माथा

**जबलपुर, यशभारत।** बालीवुड अभिनेत्री और भाजपा नेत्री जयप्रदा शनिवार को जबलपुर पहुंची। भाजपा नेत्री ने तेवर स्थित मां त्रिपुर सुंदरीमंदिर पहुंचकर माथा टेका और मां का आशीवज़्द लिया। इस मौके पर जयप्रदा ने कहा कि जबलपुर आकर बहुत खुश हूं। अभिनेत्री ने कहा कि कोरोना का साया अब दोबारा न आए ऐसी माता से प्राथज़्ना करती हूं।

## ओमती युवती अपहरण कांड

## प्रेमिका की शादी कहीं और तय हुई साथी के साथ मिलकर किया किडनेप

जबलपुर, यशभारत। ओमती के नौदरा ब्रिज स्थित आनंद होटल के पास से शुक्रवार की दोपहर तीन युवकों ने 20 वषीज़्य युवती का अपहरण कर फरार हो गए थे। जिसके बाद पुलिस ने अपहरण कर मामला दजज़् कर, पूरे शहर के सीसीटीव्ही खंगाल कर, आरोपी युवक उसके दोस्त और युवती को दबोच लिया है। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। घरवालों ने युवती की शादी कहीं और तय कर दी थी, जिसके बाद आरोपी युवक और उसके दोस्त ने मिलकर इस पूरे अपहरण कांड को अंजाम दिया था। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। वहीं, मामले में दो आरोपी फरार बताए जा रहे है।पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 20 वषीज़्य युवती अपने घर आनंद होटल के पास मां के साथ थी, तभी कल दोपहर को दबंगों युवकों ने मां के साथ जमकर मारपीट कर युवती को घर से उठा लिया। जिसके बाद पुलिस ने कारज़्वाई करते हुए आरोपी युवक छोटू जैसवाल को युवती के साथ दबोच लिया है। इसके अलावा युवक के साथ उसके दोस्त को भी पुलिस ने



गिरफ्तार किया है। सभी से पूछताछ जारी है।

### बाहर भागने की फिराक में थे आरोपी

गठित टीमों के द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये, मुख्य आरोपी पवन उफज़् छोटू उफज़् प्रिंस जयसवाल जो कि पत्री मोहल्ला अधारताल का रहने वाला है के घर पर दबिश दी गई जो घर पर नहीं मिला, मिले सीसीटीव्ही फुटेज एंव मुखबिरों की सूचना पर अपहृत युवती एवं आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु घटित टीमों के द्वारा सिहोरा, मझौली, कटनी में दबिश दी गई। कटनी से ट्रेन में बैठकर भोपाल भाग रहे मुख्य आरोपी पवन उफज़् छोटू उफज़् प्रिंस जयसवाल 22 वषज़् निवासी पत्री मोहल्ला को अपृहत युवती के साथ जबलपुर मुख्य स्टेशन से पकड़ा गया। पूछताछ पर

### कटनी में पकड़े गए दो आरोपी

पवन जयसवाल ने अपने साथी शुभम रजक एवं लालमणि तथा सूरज पटैल के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, शुभम रजक 19 वषज़् निवासी सरस्वती कालोनी सुहागी को सरगमीज़् से तलाश कर अभिरक्षा में लेते हुये घटना में प्रयुक्त होण्डा शाईन मोटर सायकल एमपी 20 एनई 9619 एवं मोटर सायकल पल्सर क्रमांक एमपी 20 एनएन 5102 जब्त करते हुये फरार आरोपी सूरज पटैल एवं लालमणि की सरगमीज़् से तलाश जारी है।





गुड़ी पड़वा की शुभेच्छा
देशमुख दंत चिकित्सालय (NHBH)
रसल चौक जबलपुर
संपर्क करें-9009537733, 9202559226
विगत 20 वर्षों से अपनी नियमित सेवाएं दे रहे हैं

चैत्रनवरात्र व चेट्रीचण्ड की शुभकामनाएं
TROJAN signature | TROJAN PLATINUM
आनंद ग्लास एण्ड प्लाईवोर्ड स्टोर्स
TROJAN CLASSIC
95/1, राजुल काम्पलेक्स, आगा चौक, जबलपुर
482002, फोन- 0761-2410783
Email:msadani.jbp@gmail.com






# कभी शक्तिपीठ के रूप में प्रतिष्ठापित था कंकाली देवी का मंदिर

## बहोरीबंद विधान सभा के ग्राम तिगवां में है यह मंदिर, विकास करने पर दुनिया के पर्यटन नक्शे में आ सकता

**कटनी।** कटनी जिले के बहोरीबंद के तिगवां में कंकाली देवी मंदिर को तिगावा मंदिर के रूप में जाना जाता है। यह देवी काली मां के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है जिसे हिंदू तीर्थयात्रियों के बीच कभी शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता था। इतना पुराना होने के कारण यह हिंदुओं की भक्ति के केंद्रों में से एक है। शारदे नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि में देश भर से लोग पूजा और दर्शन के लिए आते हैं। मां काली की प्रतिमा की एक खास बात यह है कि नवरात्रि के दौरान मां काली की प्रतिमा की गर्दन अपनी मूल स्थिति से थोड़ी झुकी हुई होती है।




### रेलवे के एक ठेकेदार ने टीले को पूरी तरह से नष्ट कर दिया

अलेक्जेंडर कनिंघम ने 1873 में तिगवां का दौरा किया और शहर की प्राचीन वस्तुओं की सूचना दी। उन्होंने 250 फीट लंबे और 120 फीट चौड़े एक आयताकार टीले का उल्लेख किया है जो पूरी तरह से कटे-पत्थरों के बड़े ब्लॉकों से ढका हुआ था। ये पत्थर विभिन्न मंदिरों के खंडहरों के हिस्से थे, सभी गिरे हुए इक्का लेकिन एक जो संरक्षण की अच्छी स्थिति में था। उन्हें बताया गया था कि रेलवे के एक ठेकेदार ने टीले को पूरी तरह से नष्ट कर दिया था, जिसने रेलवे निर्माण में इस्तेमाल होने के लिए सभी चौकोर पत्थरों को एक साथ इकट्ठा किया था। कहा जाता है कि इस ढेर को पहाड़ी की तलहटी तक लाने के लिए दो सौ गाड़ियों का प्रयोग किया जाता था। जबलपुर के उपायुक्त के एक आदेश से इस क्रूर और विनाशकारी गतिविधि को रोक दिया गया था लेकिन तब तक काफी नुकसान हुआ था। कनिंघम ने अनुमान लगाया कि मंदिर लगभग 19.5 फुट वर्गाकार रहा होगा। मंदिर के अंदर बाद के काल के विष्णु की एक छवि है। मुख्य छवि के चारों ओर विष्णु के विभिन्न अवतारों को दर्शाया गया है।

### सभी मंदिर जो केवल खंडहर ही बचे

मंदिर 4 फीट वर्ग से लेकर 15 फीट वर्ग तक के विभिन्न आकारों में थे। 4 से 6 फीट वर्ग के मामूली आकार के मंदिर तीन तरफ से ढके हुए थे और पूर्व की ओर खुले थे। मध्यम आकार के मंदिर, 7 से 10 फीट वर्ग, पूर्व दिशा में एक द्वार के साथ सभी तरफ से ढके हुए थे, जबकि 10 से 15 फीट वर्ग के बड़े मंदिरों के सामने एक अतिरिक्त पोर्टिको था। ये सभी मंदिर, जो केवल खंडहर ही बचे हैं, शीर्ष पर अमलक के साथ एक शिखर था। कनिंघम को कोई बौद्ध या जैन पुरातनता नहीं मिली। मूल मंदिर एक गर्भगृह और चार स्तंभों पर समर्थित एक खुला पोर्टिको से बना था। बाद के चरण में, पोर्टिको को पैनलों वाली दीवारों और पोर्टिको के सामने एक अतिरिक्त विस्तार के साथ कवर किया गया था। गर्भगृह बाहर 12.75 फीट चौकोर और अंदर लगभग 8 फीट चौकोर है। यह एक सपाट छत से ढका हुआ है। गर्भगृह का द्वार टी-आकार की शैली में किया गया है, जिसमें दरवाजे-जाम्बों से परे ओवर-हैंगिंग लिंटेल है। इस द्वार की दो पट्टियों पर पत्तों की सजावट पाई जाती है। गंगा और यमुना की छवियों के साथ शीर्ष पर, जहां दोनों को एक पेड़ से एक फल तोड़ते हुए दिखाया गया है। गर्भगृह के अंदर नरसिंह की एक छवि रखी गई है। यहां एक पैनल में चामुंडा या कंकली देवी को दर्शाया गया है, जिसने संभवत: मंदिर का वर्तमान नाम दिया था। एक अन्य पैनल में विष्णु को उनके शेषशाय आइकन में आदि-शेष के कुंडल पर आराम करते हुए दिखाया गया है। बाद के चरणों में काफी अलग शैली का एक और पोर्टिको भी जोड़ा गया। इस पोर्टिको पर एक मूर्तिकला पैनल है जिसे समझना मुश्किल है। पैनल में एक बैठे हुए भिखारी को दिखाया गया है जिसके कान लंबे हैं और उसके सिर पर एक बड़ा मुकुट है। भिक्षुक की मुद्रा आमतौर पर बौद्ध और जैन धर्म की मूर्तियों में देखी जाती है, हालांकि इसकी धार्मिक प्रकृति के बारे में निश्चित नहीं है।

### पुरातत्व विभाग के आधीन है, विकास कार्य कराने की कार्य योजना तैयार : प्रणय

कंकाली माता का यह मंदिर वर्तमान में पुरातत्व विभाग के आधीन है लिहाजा इसमें किसी भी तरह के निर्माण के लिए दिल्ली तक अनुमति लेनी होती है लिहाजा यहां विकास कार्य के प्रस्ताव तैयार होने के बाद भी कुछ अड़चन आती है। क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडे ने यह जानकारी देते हुए कहा कि गत वर्ष यहां रैलिंग की मांग सामने आई थी जिसे अनुमति लेकर लगवाया गया। ठोस विकास की कार्ययोजना तैयार है जल्द ही इस ऐतिहासिक स्थल का स्वरूप बदलेगा।



# 7 अप्रैल को मिल सकती है ओव्हरब्रिज की सौगात

**कटनी।** नवनिर्मित मिशन चौक फ्लाई ओवर ब्रिज का कल मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के साथ ब्रिज कॉर्पोरशन के अधिकारी इंजीनियर सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। बताया जाता है कि नवरात्र के दौरान ही ओवरब्रिज शुरू करने के लिए यह निरीक्षण किया गया है। ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को करना है लेकिन उन कार्यक्रम तय नही हो पा रहा खुद सीएम ने सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ पर वर्चुअली जुड़ते हुए कहा था कि वह कटनी नही आ पा रहे बरगी नहर टनल तथा ओवर ब्रिज का उद्घाटन करना है। सूत्रों के अनुसार 7 अथवा 9 अप्रैल को सीएम का कटनी आगमन हो सकता है। जानकारी अनुसार बताया जा रहा कि जल्दी ही ब्रिज का उदघाटन किया जाएगा। विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि ओव्हर ब्रिज का जल्द से जल्द लोकार्पण के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के 7 अप्रैल को कटनी आने की संभावना है। ओव्हर ब्रिज के जल्द से जल्द शुभारंभ की आवश्यका है। इसी के चलते कल निरीक्षण किया गया। फ्लाई ओव्हर से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। आपको बता दें कि रिकार्ड समय में यह फ्लाई ओव्हर ब्रिज बनकर तैयार हुआ है कोविड काल में तेज काम के तहत यह ब्रिज पूरे देश के लिए उदाहरण है। इसकी लागत करीब 84 करोड़ रूपए आई जिस फुर्ती से ब्रिज का निर्माण किया गया कटनी में इसकी चर्चा है। अब लोगों का भी मानना है कि ओव्हर ब्रिज का जल्द उदघाटन कर देना चाहिए। कुछ इसी तरह खिरहनी ओव्हर ब्रिज में लोकार्पण में देरी को लेकर बवाल मचा था तब खुद सीएम ने ब्रिज को जनता के लिए शुरू करने के निर्देश दिये थे और काफी वक्त के बाद इसका विधिवत शुभारंभ किया गया था।



**अच्छी पहल की हो रही प्रशंसा**

# एसडीएम ने गोद लेकर संवार दिया आंगनबाड़ी केन्द्र को

**कटनी।** आंगनबाड़ी केंद्र आदर्श आंगनबाड़ी बन सकें, इसको लेकर प्रदेश सरकार ने एडाप्ट इन आंगनबाड़ी अभियान प्रारंभ किया है। जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों को केंद्रों को गोद देकर उनमें समुचित व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने का कार्य किया जा रहा है। जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा केंद्रों का गोद देने का कार्य किया जा रहा है और केंद्रों को आदर्श बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिले की जनपद पंचायत बहोरीबंद अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मुरवारी को एडाप्ट इन आंगनबाड़ी योजना के तहत एसडीएम संघमित्रा गौतम ने जनवरी 2022 में गोद लिया और उसे आदर्श केंद्र बनाने की पहल प्रारंभ की। तीन माह में ही उन्होंने केंद्र को आदर्श केंद्र के रूप में स्थापित कराया है। एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर व अंदर की दीवारों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए जहां पेटिंग का कार्य कराया तो वही बच्चों के बैठने के लिए टेबिल-कुर्सी, प्रत्येक बच्चे को यूनीफार्म, अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा केंद्र में बच्चों के बैठने के लिए जहां दरी व भोजन के लिए बर्तनों की व्यवस्था उन्होंने कराई है तो बिजली की व्यवस्था कराते हुए पंखे आदि भी लगवाए। एसडीएम समय-समय पर आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण कर भी व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने का प्रयास कर रही हैं। जिससे मुरवारी का आंगनबाड़ी केंद्र आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों की श्रेणी में शामिल हुआ है। केंद्र को आदर्श आंगनबाड़ी बनाने एसडीएम की मेहनत पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने भी उनकी तारीफ की



# आज से पटरियों पर दौड़ी मैहर मेला स्पेशल ट्रेन

### चैत्र नवरात्र में यात्री दबाव कम करने रेलवे ने दी सुविधा

कटनी। चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान माता शारदा की पावन नगरी मैहर में भरने वाले मेले तथा इसकी वजह से ट्रेनों में बढ़ने वाले यात्री दबाव को नियंत्रित करने रेलवे के द्धारा जहां एक ओर मैहर स्टेशन में बिना रूके चलने वाली अप व डाऊन दिशा की 16 यात्री ट्रेनों का मैहर रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ कटनी से सतना के बीच एक मैहर मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन भी आज 2 अप्रैल से 16 अप्रैल तक किया जा रहा है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 01127/01128 कटनी-मैहर-सतना-कटनी मेला स्पेशल ट्रेन 02 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 05 द्वितीय सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित 07 कोच रहेंगे।

### इन स्टेशनों में ठहराव लेगी ट्रेन

रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 01127 कटनी से सतना मैहर मेला स्पेशल ट्रेन 02 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन कटनी स्टेशन से 05:45 बजे प्रस्थान कर पटवारा स्टेशन पर 05:54 बजे, झुकेही 06:08 बजे, पकरिया रोड 06:23 बजे, अमदरा 06:36 बजे, घुनवारा 06:43 बजे, भदनपुर 07:08 बजे, मैहर 07:35 बजे, उचेहरा 07:53 बजे, लगरगवां 08:48 बजे और 09:15 बजे सतना स्टेशन पर पहुचेंगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01128 सतना से कटनी मैहर मेला स्पेशल ट्रेन 02 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन सतना स्टेशन से 10:40 बजे प्रस्थान कर लगरगवां 10:50 बजे, ऊचेहरा 11:03 बजे, मैहर 11:25 बजे, भदनपुर 11:58 बजे, घुनवारा 12:28 बजे, अमदरा 12:48 बजे, पकरिया रोड 13:00 बजे, झुकेही 13:13 बजे, पटवारा 13:23 बजे और 13:45 बजे कटनी स्टेशन पर पहुंचेगी।

# विविध आयोजन के बीच मनाया गया चेट्रीचंड्र

## सिंधू नौजवान मंडल ने एक सप्ताह तक आयोजित किये कार्यक्रम, दिखीं प्रतिभाएं, हुआ सम्मान

**कटनी।** चेट्रीचंड के अवसर पर सिंधी समाज के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सिंधू नौजवान मंडल के तत्वावधान में झूलेलाल जन्मोत्सव पर्व (चेट्रीचंड्र) के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन चड्ढा कालेज कैंपस नई बस्ती में किया गया। जिसमें 25 मार्च सुबह 8 बजे से श्रद्धेय सतगुरू बाबा ईश्वर शाह के सानिध्य में सत्संग से कार्यक्रमों शुरूआत की गई। इसके बाद 30 मार्च को शाम 7 बजे सिंधीयत जी सुहणी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुंबई से आए कलाकार कमलेश कपूर, प्रियंका केसवानी ने अपने मधुर गीतों से समा बांधा एवं कशिश रोहरा के निर्देशन में बच्चों ने सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुत दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कटनी सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, सिंधु सेवा समिति अध्यक्ष राजकुमार नानकानी, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत शांति नगर अध्यक्ष अशोक चेलानी, वरिष्ठ समाजसेवी गंगाराम कटारिया, उद्योगपति मनीष गेई की उपस्थिति रही। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे झूलेलाल मंदिर, नई बस्ती में भगवान श्री झूलेलाल का अभिषेक, छप्पन भाग एवं झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड में जनेऊ संस्कार व बैराणे साहब की पूजा की जायेगी। शाम 5 बजे श्री झूलेलाल मंदिर, गुरूनानक वार्ड से भगवान श्री झूलेलाल की भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मसुरहा घाट कटनी नदी में पवित्र ज्योति के विसर्जन व प्रसाद वितरण के साथ समाप्त होगी।



### बाल फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगता बच्चों ने दिखाया कौशल

इसी क्रम में 31 मार्च को बाल फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कटनी विधायक संदीप जायसवाल, विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत माधव नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र तीर्थानी, भाजपा नेता व समाजसेवी पीताम्बर टोपनानी, कटनी थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह उपस्थित रहे। फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में नीतू लालवानी, दिव्या जसूजा, प्रियंका सुंदरानी, प्रियंका तनवानी रहे व सहयोगी के रूप में सोनम जीवनानी, मिष्ठी टहलानी, भूमि जीवनानी, रोशनी नागदेव भी सक्रिय रही। प्रतियोगिता में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसका परिणाम कार्यक्रम के अंत में घोषित किया गया। जिसमें फैंसी ड्रेस में प्रथम पुरस्कार अनंत मेहानी (योगी जी), द्वितीय भव्या मूलचंदानी (दुर्गा जी) व तृतीय पुरस्कार यश जादवानी (हनुमान जी) ने प्राप्त किया। इसी क्रम में नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम कनक शीतलानी, द्वितीय सुमति माखीजा, तृतीय पलाक्शी दानवानी ने पुरस्कार प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य श्रेणी में प्रथम प्राची ग्रुप, द्वितीय हिरानी ग्रुप एवं तृतीय वेदिका ग्रुप पुरूस्कृत किये गये। विशेष गायन प्रस्तुति देकर चिराग केसवानी ने वाहवाही लूटी। रियांश परयानी, गर्व रीझवानी, तनिष्क सचदेव, खियांश चावला, बंदगी गिदवानी स्पेशल विनर्स रहे।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति एवं सिंधी संस्कृति और सामाजिक एकता से संबंधित प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रकाश आहूजा, राजकुमार तनवानी, चीनी चेलानी, गोपी रीझवानी, विष्णु वलेचा, उत्तमचंद टहलानी, सोनू नागवानी, वरंदमल चांदवानी, चंद्रलाल जादवानी, कन्हैयालाल सागर, मनोहर गलानी, डॉ. राजकुमार नागवानी, श्याम निषाद, ईश्वर वाधवानी, विजय रोहरा, श्याम पंजवानी, टेकचंद साहनी, मोहन हीरानी, राजकुमार रोहरा, राजकुमार जीवनानी, जयकुमार रामसिंघानी, चंद्रलाल जीवनानी, राजेश भास्कर, अमर पुरूस्वानी, गुलाब नानकानी, अशोक नानकानी, अशोक आहूजा, रामचंद तख्तानी, राकेश चांदवानी, दीपक भागवानी, हरीश भाटिया, दिलीप रोहरा, मनीष जगवानी, अशोक चेलानी, परसु रतनानी, सिंधी भावर, वरूण महिला मंडल एवं उपस्थित विशाल सामाजिक जन समुदाय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संचालन नीलम जगवानी ने किया।



सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 01 से
12, 3.30, 7 एवं रात्रि 9 बजे से

RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
12.45, 3, एवं सायं 6 बजे से


ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सुबह 10 एवं रात्रि 10 बजे से

MORBIOUS (हिंदी में)
कलाकार- माईकल कीटन, मैट स्मिथ, कोरे जॉनसन, चार्ली शाटवेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में


शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 02 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# डॉक्टरों को प्रताड़ित करने पर लगे रोक

## राजस्थान में लेडी डॉक्टर ने की आत्महत्या, आईएमए ने मार्च निकालकर जताया विरोध





**कटनी।** राजस्थान के दौसा जिले में लेडी डॉक्टर अर्चना शर्मा द्वारा प्रताड़ना के चलते आत्महत्या किए जाने की घटना को लेकर कटनी जिले के चिकित्सकों में रोष व्याप्त हो गया है। जिले के चिकित्सकों ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में इस घटना का पुरजोर विरोध किया और डॉ. अर्चना शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। चिकित्सकों ने कहा कि कोई भी डॉक्टर जान बूझकर लापरवाही नहीं करता है। लापरवाही अलग बात है और कॉम्पिलिकेशन अलग। इन दोनों को एक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। राजस्थान के दौसा में भी कुछ इसी तरह का वाक्या हुआ। जिसमे लेडी डॉक्टर अर्चना शर्मा को अपनी जान देकर बेगुनाही साबित करनी पड़ी। इस घटना से पूरे देश के चिकित्सकों में रोष की लहर है। पिछले काफी समय से लगातार हो रही इन घटनाओं से चिकित्सकों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। मानव सेवा का व्रत लेकर इस पेशे में आने वाले चिकित्सकों को अब विपरीत स्थितियों में काम करना पड़ रहा है। यदि इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा तो आने वाले समय में छात्र इस जोखिम भरे फील्ड पर आने के बारे में सोचने के लिए मजबूर होंगे।

### कचहरी चौक में डॉक्टरों ने कैंडिल जलाकर दी श्रद्धांजलि

चिकित्सकों पर दबाव बनाना और उन्हें बेवजह परेशान करने का चलन बढ़ता जा रहा है। विगत दिनों राजस्थान के दौसा जिले में प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ अर्चना शर्मा के साथ ऐसा ही हुआ। तथाकथित लोगों द्वारा दबाव और परेशान करने की साजिश के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी थी। चिकित्सा क्षेत्र में हुई इस तरह की घटना पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, वरिष्ठ चिकित्सकों, दवा व्यवसायियों, मेडीकल स्टॉफ एवं नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा कल शाम 5 बजे कचहरी चौराहे में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रैली निकाली गई, जो कि शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस कचहरी चौराहे में पहुंचकर समाप्त हुई। इसके उपरांत यहां डॉ. अर्चना शर्मा को कैंडिल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ. दीपक सक्सेना, पूर्व सीएमएचओ डॉ. अशोक चौदहा, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एस के शर्मा, डॉ. बी बी एस दीखित, डॉ. वाय सुब्बाराव, डॉ. प्रतिमा रमन, डॉ. एल एन खंडेलवाल, डॉ. पी सहाय, डॉ. राजेन्द्र गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र झामनानी, डॉ. पी डी सोनी, डॉ. शोभना सक्सेना, डॉ. उमा निगम, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. शानू अग्रवाल, डॉ. सुषमा गट्टानी, डॉ. सोनिका माखीजानी, डॉ. मनीष गट्टानी, डॉ. नीरेश जैन, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. शोभित चौदहा, डॉ. के के जैन, डॉ. विनय जैन, डॉ. अखिलेश जैन, डॉ. नवीन कर्ण, दवा व्यवसायी सोनू नागवानी आदि की उपस्थिति रही।



# छात्रों ने प्रधानमंत्री से पूछे रोचक सवाल

### एनकेजे केन्द्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन

**कटनी।** केन्द्रीय विद्यालय नई कटनी जंक्शन में कल एक अप्रैल को परीक्षा पे चर्चा कायाक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य सभी के लिए प्रोजेक्टर टेलीविजन व अन्य यांत्रिक माध्यमों से परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इस दौरान भारत के कोने-कोने से विद्यार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री से जो भी प्रश्न पूछा गया, उसका बड़ा ही सटीक, तर्कसंगत, मनोरंजक तथा ज्ञानवर्धक तरीके से प्रधानमंत्री द्वारा जबाव दिया गया।



विद्यालय के लगभग 1254 विद्यार्थियों अन्य सभी ने बड़ी रूचि और उत्साह के साथ इस कायक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार का मार्गदर्शन रहा। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया, इसके साथ ही श्रीमती रेखा मिश्रा, हरिओम पटनहा तथा अन्य शिक्षको का सक्रिय योगदान रहा।

# घरों में किचिन गार्डन बनाकर सब्जियों को रोपने का लिया संकल्प



कटनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा ऐप्को द्वारा प्रायोजित स्वच्छता सप्ताह का समापन समारोह प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। समारोह में प्राचार्य द्वारा छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक को उपयोग में न लाने के बारे मे बताया तथा डॉ साधना जैन ने वायु एवं जल प्रदूषण में रोकथाम हेतु शपथ दिलाई। इको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, माइम, रैली, स्वच्छता की शपथ के द्वारा लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। अंतिम दिवस आभार प्रदर्शन श्रीमती श्वेता जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीना मिश्रा के द्वारा किया गया। इस एक साप्ताह के कार्यक्रम के दौरान श्रीमती नेहा चौधरी, डॉ रश्मि चतुर्वेदी, डॉ विमला मिंज, सुश्री आरती वर्मा, रामेश्वर सिंह एवं स्मृति दहायत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आजादी का अमृत महोत्सव समिति द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ साधना जैन द्वारा की गई। जिसकी मुख्य वक्ता डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा वन्य प्राणियों के संरक्षण के संबंध में बहुत ही उपयोगी व्याख्यान दिया। गृह विज्ञान विभाग द्वारा सब्जियों में हो रही मिलावट व अधिक केमिकल के उपयोग की रोकथाम अथवा बढ़ती मंहगाई को देखते हुए अपने घरों में ही किचिन गार्डन बनाने व घरों में ही सब्जियों आदि के बीज रोपने का संदेश दिया।

**गर्ल्स कॉलेज के ईको क्लब द्वारा स्वच्छता सप्ताह का समापन**

### जिले में पुरा संपदा की हो रही उपेक्षा

**कटनी।** जिले के बिलहरी, तिगवां बहोरीबंद, बड़गांव, कारीतलाई आदि नगरों में अपने इतिहास की गौरव गाथा समेटे असीमित पुरा अवशेष बिखरे पड़े हैं। पत्थरों पर उकेरी गई कलात्मक दृष्टि से अनमोल यह पुरा सम्पदा किसी समय अपने गौरवशाली रूप में प्रतिष्ठित थी, किन्तु आज यह स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की दृष्टि में अपने ही घर में पूर्णतः उपेक्षित ही नहीं बल्कि तिरस्कृत पड़ी है।



# तरूणिता को ग्वालियर में मिला स्वर्ण पदक

**कटनी।** किरण नेशनल इस्टीट्यूट ऑफ परफारिक आर्ट कालेज की छात्रा तरूणिता दास ने ग्वालियर में आयोजित पंचम दीक्षांत समारोह आयोजित में 29 मार्च को स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राजामान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर में मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के करकमलो के द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं मेरिट सार्टिफिकेट एवं उपाधि प्राप्त किया। तरूणिता दास पिता सनद कुमार दास बी म्यूज फाईनल ईयर स्नातक वर्ष 2019 में मैरिट एवं दो गोल्डमेटल उपाधि सहित स्वर्णपदक प्राप्त किया। तरूणितादास ने इसका श्रेय महाविद्यालय के डायरेक्टर टीकाराम कुशवाहा जी एवं प्राचार्य ओ पी तिवारी को दिया। विदित हो कि यह मेटल ओ पी तिवारी के निर्देशन में कटनी की कु व तरूणितादास को 2 स्वर्ण पदक एवं दो मैरिट सार्टिफिक्रेट और उपाधि प्राप्त किया । किरण महाविद्यालय के डायरेक्टर टीकाराम कुशवाहा जी एवं प्राचार्य ओ पी तिवारी ने एवं सुमित रैकवार ने बहुत बहुत शुभकानायें एवं बधाई प्रेषित की है। तरूणिता दास ने कटनी जिले का मान एवं महाविद्यालय का मान और गौरव बढ़ाया है।

# धार्मिक पत्रिका सिंधु दर्पण का विमोचन

### चेट्रीचंड महोत्सव पर झूलेलाल मंदिर में आयोजन

**कटनी।** भगवान श्री झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड महोत्सव के अवसर पर समाजसेवी संजय खूबचंदानी द्वारा प्रकाशित एवं सम्पादित धार्मिक पत्रिका सिंधु दर्पण विशेषांक का विमोचन आज श्री झूलेलाल मंदिर गुरूनानक वार्ड में किया गया। सिंधु दर्पण पत्रिका का विमोचन करते हुए समाजसेवी पंकज आहूजा, नेबंद खूबचंदानी, सुनील हसीजा, मधु, नीलम जगवानी, मेघराज खूबचंदानी, अशोक रोहरा, त्रिलोकचंद भोजवानी, श्रींचद भाटिया, अमर चेतवानी, सुरेश गांधी, हरीश बहलानी इत्यादि द्वार किया गया।



समाजसेवी संजय खूबचंदानी की स्मारिका सिंधु दर्पण विमोचन के अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने संजय खूबचंदानी को बधाई दी। विदित हो कि संजय खूबचंदानी द्वारा इसके पहले भी कई पत्र-पत्रिकाओं का विमोचन कराया जा चुका है। कुछ वर्ष पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पत्रिका का विमोचन किया जा चुका है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**
E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

क्रमांक 4914 / खनिज / उ0प0 / 2021 कटनी, दिनांक-24/09/2021

//सूचना//

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 –क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री रंजन ग्रोवर, निवासी सिविल लाईन कटनी के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.09.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | मझगवां | 61 | 0.49 | अन्य भूमिस्वामी | लेटेराईट | |
| | | | 65 | 1.85 | | | |
| | | | योग– | 2.34 हे0 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

G-24484/21

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला–कटनी म.प्र.

### लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**कटनी।** लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम हिरवारा में कल 3 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से सभागार आयाम का उद्घाटन समारोह पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ समीर चौधरी ने बताया कि समारोह में विशाल कृष्ण द्वारा कथक, कनिका दुबे के गीत, मयूर रामावत और सूरज राय सूरज प्रज्ञा शर्मा की कविता सहित दिल को छू लेने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार तुषार भट्टाचार्य तपन करेंगे। कार्यक्रम में साहित्यकार एवं असिस्टेंट कमिश्नर सेल टैक्स भोपाल रक्षा दुबे, साहित्यकार सुधीर पाराशरी, साहित्यकार अशोक झमनानी होशंगाबाद भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजकों ने समस्त आमंत्रितजनों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।

### पेयजल समस्या को लेकर एनएसयूआई ने दिया धरना, मांगों को लेकर सौंपना ज्ञापन

# तिलक कॉलेज के वाटर कूलर में आ रहा करंट, पानी के लिए परेशान हो रहे छात्र

**कटनी।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक जिलाध्यक्ष अंशू मिश्रा के निर्देश पर तिलक कॉलेज एनएसयूआई द्वारा पेयजल समस्या को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई जिला प्रवक्ता ने बताया कि एक महीने से ज्यादा हो गया है। महाविघालय में एक वॉटर कूलर में करंट आ रहा है और कई वॉटर कूलर खराब स्थति में रखे हुए हैं। कॉलेज प्रबंधन को लगातार मौखिक रूप से जानकारी दी गई। निराकरण नहीं होने पर एनएसयूआई द्वारा



अंतिम चेतावनी ज्ञापन के माध्यम से दी गई कि 5 दिवस के अंदर समस्या निराकरण न हुआ तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कॉलेज में साफ सफाई पर भी ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला प्रवक्ता विकास दुबे, उपाध्यक्ष राहुल यादव, आदित्य ठाकुर, तेजस्वी गुप्ता, ओम उरमलिया, आकाश पटेल, आलम खान, दिलीप बहरोलिया, सौरभ निषाद, करन यादव, सत्यम, प्रिंस मिश्रा, अंकुश साहू एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय नजूल अधिकारी जिला-कटनी म.प्र.**

पृ. क्रमांक/3310/नजूल अधिकारी/2022 **आम इश्तहार** कटनी दिनांक 01/04/2022

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग कटनी द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि ग्राम झिंझरी प.ह.क्र. 38 नंबर बंदोबस्त 223 रा.नि.मंडल मुड़वारा-1 तहसील व जिला कटनी स्थित भूमि खसरा नंबर 705/1 कुल रकबा 43.70 हे. में से 10.00 हेक्ट., आवासीय प्रयोजन हेतु हस्तांतरण किये जाने हेतु विधिवत आवेदन पत्र खसरा नक्शा की प्रति सहित प्रस्तुत किया है।

अतएवं उक्त के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आक्षेप हो, तो विनिर्दिष्ट स्थान एवं जारी दिनांक से 15 दिवस के अंदर इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। आपत्तियाँ नियत दिनांक तक प्रस्तुत न होने की दशा में यह अनुमान किया जायेगा कि उक्त भूमि करने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है।

आवंटित/हस्तांतरण संबंधी भूमि का ब्यौरा :-

| आवेदक संस्था का नाम पता | ग्राम का नाम प.ह.न., नं.बं. | भूमि स्वामी का नाम पता | भूमि का विवरण | | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | खसरा नंबर | रकबा | |
| कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग कटनी | ग्राम झिंझरी प.ह.क्र. 38 नंबर बंदोबस्त 223 | मध्यप्रदेश शासन | 705/1 | कुल रकबा 43.70 हे. भूमि में से 10.00 हे. | मण्डल की नवीन आवासीय योजना हेतु। |

सुनवाई का दिनांक :- न्यायालय नजूल अधिकारी कलेक्ट्रेट कक्ष क्र.- 36
सुनवाई/साक्ष्य का दिनांक
जारी दिनांक 01/04/2022

नजूल अधिकारी
जिला-कटनी म.प्र.

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए-
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 1st April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| The Kashmir Files | 12:00 PM | Morbius Hindi 2d | 10:00 AM | Attack | 10:00AM |
| Attack | 03:30 PM | RRR Hindi 3D | 12:10 PM | Attack | 12:30PM |
| RRR 2D | 6:00 PM | RRR Hindi 3D | 3:30 PM | The Kashmir Files | 3:00PM |
| Attack | 09:30 PM | Morbius Hindi 2d | 7:00 PM | The Kashmir Files | 6:15 PM |
| ........... | ......... | RRR Hindi 3D | 9:15 PM | RRR 2D | 9:45 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM

एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

# 6 शिक्षकों को कलेक्टर ने कराया भारमुक्त



### अब शिक्षण कार्य में ही देंगे सेवाएं

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गैर शैक्षणिक कार्य में संलग्न 6 शिक्षकों को उनकी पदांकित मूल स्कूलों में शैक्षणिक कार्य हेतु तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया है। जिन शिक्षकों को कार्यमुक्त किया गया है, उनमें तहसील कार्यालय बहोरीबंद में संलग्न सहायक शिक्षक महेन्द्र झारिया को शासकीय प्राथमिक शाला सुपेली, शैलेष मिश्रा प्राथमिक शिक्षक को शासकीय प्राथमिक शाला पथराड़ी और कमल सिंह प्राथमिक शिक्षक को शासकीय प्राथमिक शाला किवलारी के लिये कार्यमुक्त किया गया है। इसी प्रकार स्थानीय निर्वाचन शाखा विजयराघवगढ़ में संलग्न रहे प्राथमिक शिक्षक मनोज तिवारी को शासकीय प्राथमिक शाला गौरहा और प्राथमिक शिक्षक रघुनाथ सिंह क्षत्रिय को शासकीय प्राथमिक शाला धवैया तथा तहसीलदार कटनी कार्यालय में संलग्न प्राथमिक शिक्षक राम सहाय बर्मन को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवाराकला के लिये कार्यमुक्त किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। संबंधित शिक्षकों को तत्काल उनकी पदांकित मूल शाला में उपस्थिति देने के निर्देश दिये गये हैं।

# ग्राम गुड़गड़ौहा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन



**कैमोर।** विज्ञान महाविद्यालय कैमोर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम गुड़गड़ौहा में 7 दिवसीय विशेष शिविर 22 से 28 मार्च तक लगाया गया। शिविर के दौरान स्वयं सेवकों ने ग्रामीण जनों को स्वच्छता, जल संरक्षण, कोरोना संक्रमण से बचाव, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण (बाल अपराध) एवं मतदाता जागरूकता अभियान को प्राथमिकता से प्रचार प्रसार किया और लोगों को जागरूक किया गया। शिविर के दौरान नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत मध्यप्रदेश पारम्परिक नृत्य के द्वारा स्वच्छता, जल संरक्षण एवं नशामुक्ति का संदेष दिया। समापन समारोह में रासेयो के स्वयं सेवकों ने नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा (दुर्घटना) विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र,छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरूस्कार प्रदान किये गये, कार्यक्रम में मुख्यअतिथि कैमोर एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला, विशिष्ट अतिथि उपनिरीक्षक आर.पी.रावत, सउनि जयराम साकेत, आर. अंजनी झा, मुकेश मिश्रा, ग्राम गुड़गड़ौहा के सरपंच स्वतंत्र कुमार बर्मन, प्राथमिक शाला गुड़गड़ौहा की प्रधानाचार्य रेणुका उपाध्याय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.पी.स्वर्णकार, कार्यक्रम अधिकारी राजेष पटेल, सहायक प्राध्यापक ऐस्तर दया, आफ्रीन अली, रजनी वर्मा, जयप्रकाश नामदेव, वैशाली गुप्ता, छात्र संगठन अध्यक्ष भोले प्रसाद मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन के दौरान छात्र,छात्राओं एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

# पॉलिथीन से नुकसान एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता




**कटनी।** पर्यावरण मंत्रालय दिल्ली एप्को भोपाल और स्वच्छ एवं स्वास्थ्य भारत सेल के तत्वाधान में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी मैं हरित कोर योजना इको क्लब के तहत सात दिवसीय स्वच्छता सप्ताह 25 मार्च से 31 मार्च 2022 तक मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम की थीम सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम एवं वायु, प्रदूषण से पर्यावरण नुकसान एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत जन जागरूकता रैली शपथ वृक्षारोपण स्वच्छता अभियान एवं व्याख्यानमाला का भिन्न-भिन्न स्थानों मैं किया जा रहा है डॉक्टर एस के खरे प्राचार्य ने जल एवं पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए जल प्रदूषण एवं पर्यावरण प्रदूषण के बचाव पर विस्तार से जानकारी दियेस डॉ. रूक्मणी प्रताप सिंह ने प्लास्टिक, पन्नी पॉलिथीन से होने वाले पर्यावरण के नुकसान एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता विषय पर जानकारी प्रदान की इस कार्यक्रम में डॉ एस के खरे प्राचार्य , ज्योत्सना आठ्या प्रभारी इको क्लब एप्रोफेसर एसपी भरद्वाज, डॉ माधुरी गर्ग प्रभारी एनएसएस, डॉक्टर नाहिद सिद्दिकी, श्रीमती पद्ममजा शुक्ला, प्रोफेसर मधुमति जैन, प्रोफेसर लक्ष्मी नायक, प्रोफेसर डॉक्टर सरदार दिवाकर एनसीसी अधिकारी, प्रोफेसर एम मुस्तफा, कनक सोनी, नरेंद्र कुशवाहा संजय मौर्य, आकाश दुबे, अभिनंदन, सृजन एरेनिका, मेघा, अभिषेक आदि स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# 5वीं एवं कक्षा 8वीं के प्रश्न पत्र एवं गोपनीय सामग्री वितरित

**कटनी।** कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा 2022 के प्रश्न पत्रों का वितरण बुधवार को कटनी जिले के समस्त संकुल प्राचार्यो को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक के माध्यम से किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह के निर्देशन में डीपीसी के.के. डहेरिया, विनय दुबे, मुकेष द्विवेदी की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी से प्रश्न पत्र वितरित किये गये। प्रश्न पत्र वितरण में कार्यालयीन बी.डी. वाजपेयी परीक्षा प्रभारी अरविंद पाण्डेय, राकेश जसूजा, फेज मोहम्मद, कमलकांत, ए.के. पाण्डेय, श्याम बेरागी आदि के द्वारा वितरण में सहयोग किया गया। प्रश्न पत्रों के वितरण में विभा श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी, अनिल चक्रवर्ती, आनन कोरी, आर.पी. झारिया बी.ई.ओ. एवं के. एल. पटेल, विजय चतुर्वेदी बी.आर.सी. एवं समस्त विकासखण्ड स्तर से आये हुए अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा गोपनीय सामग्री वितरण में आवश्यक सहयोग प्रदाय किया गया।

# महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में बनेगी सड़क

### विधायक ने किया भूमिपूजन



**कटनी।** नागरिकों के यातायात की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कटनी मुडवारा विधायक संदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, सहित निवृतमान पार्षद प्रीति संजीव सूरी, प्रदीप वैश्य एवं वार्ड के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित सिविल लाईन में डॉ वैश्य गली, तिवरी गली सहित अन्य गलियो में 19.47 लाख की लागत से कराये जाने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन विधि विधान से संपन्न हुआ। नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित सहित सुगम यातयात व्यवस्था के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में आज महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में 19.47 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन कराया गया। विधायक संदीप जायसवाल ने उपस्थित वार्डवासियों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करने की अपील करते हुए कहा कि डामरीकरण कार्य हो जानें से नागरिकों को आवागमन की अच्छी सुविधा प्राप्त होगी। भूमिपूजन के दौरान क्षेत्रीय भाजपा नेता पूर्व पार्षद संजीव सूरी सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक सजीव अग्रवाल, सुभाष खटीक, देवेन्द्र मिश्रा, अरूण भापलानी, प्रेम रजक स्थानीय मातृ शक्तियों सहित प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री संजय मिश्रा एवं अन्य जनों की उपस्थिति रही।




# बकाया करों के रूप में ननि में जमा हुई 16 लाख रूपये की राशि

**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे दिवसों में शासन द्वारा अधिभार में प्रदान की जा रही छूट का लाभ नागरिकों द्वारा भरपूर उठाया गया। जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा हेतु तीन स्थलों नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय तथा सुभाष चौक शिविर का आयोजन कर बकाया करों को जमा करने की सुविधा प्रदान की गई। सुभाष चोक में आयोजित किये गए शिविरों में वसूली के आंकडे भी रोजाना बेहतर आए।

# बीमा कंपनी की अर्थी निकालकर पुतला दहन




**कटनी।** भारतीय किसान संघ जिला कटनी ने जिला कलेक्ट्रेट के सामने बीमा कंपनी की अर्थी निकालकर बीमा कंपनी का पुतला दहन किया एवं कलेक्टर ऑफिस जाकर मुख्यमंत्री भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सात दिन के अंदर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो किसान संघ प्रदेश के किसानों के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए किसान संघ म. प्र. के आव्हान पर प्रत्येक जिला स्तर पर घेरा डालो डेरा डालो के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने को बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जबावदारी संबंधित बीमा कंपनी, म. प्र. सरकार एवं प्रशासन की होगी जिसमें किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री भरत जी पटेल, जिलाध्यक्ष बिहारी लाल निगम, राजेन्द्र पटल, ज्ञानचंद चौरसिया, चमनलाल, अंजनी निगम, लक्ष्मी पटेल, सखी आदिवासी, भूरी बाई, बृजमोहन शर्मा, कन्छेदी पटेल, रामकृपाल पटेल, अनिल विश्वकर्मा, नरेश पटेल, गोपाल पटेल, प्रदीप सोनी, गोविंद कुशवाहा आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

### राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए आदेश

# दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं में मिलेगा 30 मिनट का अतिरिक्त समय



**कटनी।** प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान निर्धारित अवधि से 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं वाले कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान और मूल्यांकन में अनेक सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। संचालक धनराजू एस ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं में प्रमुख रूप से लेखक उपलब्ध कराया जाना, पृथक से बैठक व्यवस्था कराना, विशिष्ट भाषा से छूट देते हुए द्वितीय भाषा के स्थान पर एक सामान्य भाषा लेकर अध्ययन करने की सुविधा तथा तृतीय भाषा के स्थान पर चित्रकला लेना, मौखिक रूप से पूछे जाने वाले प्रश्नों को लिखित रूप से पूछना, गणित विषय के स्थान पर संगीत लेना, ब्रेललिपि में उत्तर देने की सुविधा तथा प्रत्येक घंटे 20 मिनिट अतिरिक्त समय देना, मूल्यांकन के समय पढ़ने-लिखने के लिये बड़े प्रिंट का उपयोग और विशेष पेन उपयोग की अनुमति शामिल हैं। साथ ही दिव्यांग विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान ब्रेललिपि में उत्तर देने पर अनुस्वार की गलतियों पर अंक नहीं काटना, ग्रामर, स्पेलिंग, कॉमा, फुलस्टाप की गल्तियों पर अंक नहीं काटना आदि सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि कक्षा 1 और 2 का वार्षिक मूल्यांकन 13 अप्रैल 2022 तक, कक्षा 3, 4, 6 और 7 का 16 से 23 अप्रैल 2022 तक एवं कक्षा 5वीं औ 8वीं का 1 से 11 अप्रैल 2022 तक किया जाना है। परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी द्विव्यांग विद्यार्थियों को यह सुविधाए प्राप्त होंगी।

# प्रधानमंत्री के एग्जाम टिप्स सुनकर उत्साहित हुए बच्चे



### आयुध निर्माणी केन्द्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**कटनी।** केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी कटनी में 1 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में लगभग 1000 बच्चों एवम लगभग 50 शिक्षकों, आगंतुक अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, समस्त कर्मचारियों के बैठने और स्पष्ट रूप से टीवी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य को सुनने की उत्तम व्यवस्था की गई । विद्यालय की शिक्षिका चित्रा चतुर्वेदी ने बताया कि जैसे ही प्रधानमंत्री स्क्रीन पर आए बच्चे प्रसन्नता से तालियों की गड़गड़ाहट से झूम उठे। अपने प्रिय प्रधानमंत्री की बातों से, विचारों से सभी बच्चे, अभिभावक, शिक्षक, सभी बहुत प्रभावित हुए और ये बच्चे परीक्षा के तनाव और भय से मुक्त होकर अपनी आगामी परीक्षा हेतु अपनी तैयारी एक नए रूप में स्वस्थ और प्रसन्नता के वातावरण में करेंगे और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपना ए मातापिता एशिक्षकों एवम विद्यालय का नाम रौशन करेंगे। कक्षा 01 से लेकर 12वीं तक के सभी बच्चे ही नहीं वरन उपस्थित सभी वर्गो के लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न होने पर विद्यालय प्राचार्य विनय सिंह ने अपने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को, बच्चों को आगंतुकों को हृदय से धन्यवाद दिया जिनकी उपस्थिति से ही यह कार्यक्रम संपन्न हो सका।

# पहरूआ कृषि मंडी और बस स्टैंड में हुई सफाई

### मुख्य मार्ग और चौराहों में भी चला स्वच्छता अभियान



**कटनी।** नगरीय एवं उपनगरीय वार्डो के विभिन्न स्थलों की सुचारू सफाई की जाकर नगर को स्वच्छता के उच्च शिखर पर पहुंचाने हेतु नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में दो पालियों की सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों की सफाई के प्रयासों सहित, डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर जागरूकता अभियान के साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही भी की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि बस स्टेण्ड परिसर तथा माधवनगर उनगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्गो बाजार क्षेत्रों की सफाई का कार्य कराया गया। प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से पन्ना मोड, पहरूआ सब्जी मंडी, कुठला स्कूल परिसर, नदीपार मुख्य मार्ग, बस स्टेण्ड, मैकेनिक लाईन, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, जगमोहनदास वार्ड के विभिन्न मार्गो सहित चढ्डा कॉलेज में सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग का कार्य कराया गया। मिशन चौक, घंटाघर मार्ग, महात्मा गांधी वार्ड कनकनें स्कूल के आस पास एवं अन्य विभिन्न स्थलों, बरगवां ओव्हर ब्रिज, कोतवाली तिराहा मार्ग, मुख्य स्टेशन पहुच मार्ग, साधूराम स्कूल परिसर, पुरानी कचहरी प्रांगण, भट्टा मोहल्ला, माधवनगर फाउन्टेन परिसर, शिवाजी वार्ड मेन रोड, राय कॉलोनी, बी.एस.एन एल कॉलोनी सहित नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडर की सफाई का कार्य कराया जाकर खाली प्लाटों एवं मुख्य मार्गो के किनारे बिखरी पन्नियों के उठाव का कार्य कराया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के माध्यम से घरों से कचरे के संग्रहण किया जाकर सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी प्रदान कर गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग देने की अपील की गई।

### आवारा पशुओं को भेजा गया अमीरगंज कांजी हाउस

नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम की हांका गेंग के द्वारा सार्वजनिक मार्गो में आवारा रूप से विचरण करनें वाले मवेशियों को पकडनें की कार्यवाही की गई। स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम की हांका गेंग के सदस्यों द्वारा मंगलनगर मुख्य मार्ग में आवारा रूप से विचरण कर गंदगी फैलाने एवं यातायात को प्रभावित कर रहे 8 नग मवेशियों को पकड़कर अमीरगंज स्थित कांजी हाउस में छोड़ने की कार्यवाही की गई।सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई व्यवस्था एवं सुगम पानी की निकासी को दृष्टिगत रखते हुए शंकरगढ पहरूआ बस्ती, राम मनोहर लोहिया वार्ड प्रजापति मोहल्ला एवं तार गली, जालपा देवी वार्ड तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पीछे स्थित बडे नाले, पाठक वार्ड के विभिन्न स्थलों, मरही माता मंदिर मार्ग, कावसजी वार्ड डॉ. डी. शंकर के घर के पास, बाबा नारायण शाहर की विभिन्न गलियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# चैत्र नवरात्र शुरू : मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता





## दोपहर तक चलता रहा माता को जल ढारने और पूजा अर्चना का सिलसिला

**कटनी।** आदिशक्ति जगतजननी शक्ति स्वरूपा मां भगवती की शक्ति साधना और आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र आज 2 अप्रैल शनिवार से प्रारंभ हो गया। नगर के प्रमुख शक्ति के केन्द्र जालपा देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में नवरात्र पर्व की बैठकी के दिन से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मातारानी के दर्शन किए। सबसे ज्यादा भीड़ जालपा मढ़िया में देखी गई। यहां भोर होते ही महिलाओं की कतारें लगना शुरू हो गई। शहर के अन्य देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माता को जल ढारने और पूजा अर्चना का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। शक्ति स्वरूपा मां जगद बे की आराधना के महापर्व नवरात्रि की बैठकी के साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। मंदिरों में माता की भगतों और महाआरती का भी आयोजन किया गया है। आज चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा से हिन्दू संस्कृति के नव वर्ष की शुरूआत हुई, इसको लेकर आज विभिन्न संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। नवरात्र पर्व पर पूरे नौ दिन देवी मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पर्व के दौरान जालपा देवी मंदिर एवं अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचेगी, इसे लेकर प्रशासन पुलिस और नगर निगम द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई है। जिले के विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, बरही, रीठी, ढीमरखेड़ा और बड़वारा क्षेत्र में भी नवरात्र पर्व की धूम नजर आ रही है। विजयराघवगढ़ के शारदा माता मंदिर में आज बैठकी के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मातारानी के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में नवरात्र पर्व पर विशेष पूजन, हवन और महाआरती के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।



## मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू

नगर के प्रमुख देवी मंदिर जालपा वार्ड स्थित जालपा माई की मढ़िया, आजाद चौक स्थित आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा मंदिर, बाबली टोला स्थित मरही माता मंदिर, झंडा बाजार स्थित खेरमाई मंदिर, बरगवां स्थित भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर, घंटाघर स्थित काली मंदिर, अशोक कालोनी स्थित मां शेरावाली मंदिर, तिलक कालेज रोड स्थित खेरमाई मंदिर, आयुध निर्माणी स्थित खेरमाई माता मंदिर, खिरहनी फाटक स्थित द खिन माता मढ़िया, आयुध निर्माणी स्थित काली मंदिर, एसीसी स्थित दुर्गा मंदिर, विवेकानंद वार्ड स्थित खेरमाई मढ़िया, छपरवाह स्थित देवी मंदिर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में आज नवरात्र के प्रथम दिन बैठकी पर पूजा, अर्चना और जल चढ़ाने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में प्रतिदिन भगतों और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। पूरे नौ दिन व्रत, अनुष्ठान, यज्ञ और हवन का सिलसिला चलता रहेगा। नवरात्र की नवमी को पर्व का समापन होगा। अष्टमी एवं नवमी पर कन्या भोज और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### स्लीमनाबाद पुलिस ने किया हरदुआ हत्याकांड का खुलासा, आरोपी को न्यायालय ने भेजा जेल

# पुराने विवाद को लेकर की गई युवक की हत्या

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआ में 26 मार्च को हुए हत्याकांड का स्लीमनाबाद पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि 26 मार्च को घटना की जानकारी मृतक के पिता रतिराम कोल ने दी थी। जिसके बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस को एक व्यक्ति का शव मृत अवस्था मे पाया गया। जिसकी शिनाख्त ग्राम हरदुआ निवासी 22 वर्षीय आकाश पिता रतिराम कोल के रूप मे की गई, जिसकी धारधार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की गई व मामले का जल्द खुलासा हो सके इसके लिए एक पुलिस टीम गठित की गई। जांच मे यह बात सामने आई कि घटना दिन की रात मृतक अपने साथी सनद कोल के साथ ममता साहू के घर में देखा गया। जिसके बाद पुलिस ने सनद कोल को अभिरक्षा मे लेकर विस्तृत पूछताछ की जिस पर सनद कोल ने कबूल किया उसने ही हत्या की है। बतलाया गया कि 2-3 वर्ष पहले बहन से मृतक के पिता ने अभद्र व्यवहार किया था, इसके चलते दोनों परिवार में मन मुटाव था। आरोपी के द्वारा घटना दिनांक को मृतक को आंगनवाड़ी के पास पानी पिलाने का बहाना कर ले जाकर बोरा उठाने वाली अकड़ी से नुकीले धारदार हथियार से सिर एवं गर्दन में मारकर हत्या की गई। आरोपी सनद कोल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में हत्याकांड का खुलासा करने में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे, उपनिरीक्षक संतराम यादव, राकेश पटेल, मंजू पटेल, संतोष सिंह, राजेश कोरी, अनुराग पाठक, प्रधान आरक्षक अंजनी मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका रही।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल एक 45 वर्षीय युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बड़ैयाखेरा निवासी 45 वर्षीय प्रेमलाल पिता समय लाल आदिवासी गतदिवस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## वृद्ध सहित तीन फांसी पर झूले, विगढ़ व बरही थाना क्षेत्र में घटनाएं

**कटनी।** बरही व विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत एक 75 वर्षीय वृद्ध सहित तीन लोगों के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बरही थाना अंतर्गत ग्राम पिपरियाकला में 75 वर्षीय वृद्ध वंशधारी पिता सूरज प्रसाद पटेल के द्वारा घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इसी प्रकार बरही थाना अंतर्गत ग्राम जारारोड़ा में 19 वर्षीय छोटू पिता अशोक केवट के द्वारा खेत में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। वहीं विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बिस्तरा में 24 वर्षीय मुकेश पिता सुरेन्द्र पटेल के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। सभी मामलों में आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।


हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि, गुड़ीपड़वा चेड़ीचंड एवं श्रीरामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं




**संजय सत्येन्द्र पाठक**
पूर्व मंत्री एवं विधायक
विजयराघवगढ़





## औद्योगिक श्रमिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, श्रमधाम कैमोर

पंजीयन क्रमांक DR/JBR/67 विकासखंड, विजयराघवगढ़

आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयन सहकारी संस्थाएं मध्यप्रदेश भोपाल गृह निर्माण एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर संभाग के निर्देश तथा सहायक आयुक्त सहकारिता जिला कटनी के आदेशानुसार औद्योगिक श्रमिक ग्रह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित श्रमधाम के सभी सदस्यों से सम्बंधित जानकारी सोसायटी के पोर्टल पर अपलोड की जानी है अतः समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वे अपने आधार कार्ड एवं पैनकार्ड की एक-एक छायाप्रति एवं एक फोटो पासपोर्ट साइज 7 दिवस के भीतर समिति कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।

**विशेष सूचना- सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक श्रमिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित श्रमधाम कैमोर की एक आवश्यक बैठक 10 अप्रैल दिन रविवार को सायं 5 बजे से श्रमधाम सेवा संस्थान कार्यालय में आयोजित है। बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।**

**अशोक त्रिपाठी**
अध्यक्ष
औद्योगिक श्रमिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, श्रमधाम कैमोर



हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि, गुड़ीपड़वा चेड़ीचंड एवं श्रीरामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं




**बिहारी बालानी**
संचालक- कृष्णा ग्लास एण्ड हार्डवेयर
मुख्य डाकघर के सामने, कटनी
मो. 7489333388





JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन



**एडवांस्ड**
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511



ADMISSION OPEN

For Session 2022-23

**किरण नेशनल पब्लिक स्कूल**
**Kiran National Public School**

Smart class with Mittsure
Nursery to 8th class ( English Medium)
Requirement for Teachers- English ,Maths , Hindi , Science , Computer, Saskrit , Office clerk & Driver-8 seats

Mohan nagar Kailwara Road Katni
Contact No.:- 9977500636



हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि, गुड़ीपड़वा, चेड़ीचंड एवं श्रीरामनवमीं पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

**संजय खूबचंदानी**
समाजसेवी, कटनी



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)